Title: Need for early conversion of Poona-Akola-Khandawa metergauge rail line into broadgauge.

कुमारी भावना पुंडलिकराव गवली (वाशिम) : महोदय, आपसे प्रार्थना है कि हमारे महाराष्ट्र में पुर्णा-अकोला-खण्डवा मीटर गेज रेल लाइन है उसको बॉडगेज में परिवर्तित करने का भूमिपूजन समारोह भूतपूर्व रेल राज्य मंत्री के कर-कमलों द्वारा १९९४ में सम्पन्न हुआ था। उस शुभ अवसर पर माननीय मंत्री महोदय ने बताया था कि यह रेल लाइन को गेज परिवर्तन के बारे में सर्वे पूरा हो चुका है। जल्दी ही इस मीटर गेज को ब्रॉड गेज में परिवर्तित किया जायेगा। पांच साल पूरे हो चुके हैं लेकिन अभी तक गेज परिवर्तन का कोई कार्य (प्रक्रिया) शुरू ही नहीं हुई। जनहित को ध्यान में रखते हुए यह ब्रॉडगेज होना जरूरी है। क्योंकि यही रेल रोड (लाइन) पर मेरा निर्वाचन क्षेत्र वाशिम है जो कि अभी-अभी १९९८ में नया जिला बना है। इस गेज परिवर्तन के होते ही यह नवनिर्माण जिले में कृषि और उद्योग का विकास होगा। यहां नये नये उद्योग आयेंगे। उद्योग में बढ़ोतरी होगी और इस माध्यम से कृषि का भी विकास होगा। परिणामस्वरूप यहां के युवकों को रोजगार मिलेगा एवं स्वयं रोजगार में बढ़ोतरी होगी। इसलिए इस सरकार से अनुरोध है कि देश के लिए और इस क्षेत्र के विकास के लिए पुर्णा-अकोला-खाण्डवा मीटर गेज लाइन को ब्रॉडगेज में शीघ्र परिवर्तिति किया जाये।